# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (08.05.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARUR, DATE: 08.05.2025, PAGE-06

**बीआरएबीयू : बुधवार को अधिकारियों की बैठक के बाद प्रक्रिया शुरू**

# लॉ में एक समान रहेगी सभी कॉलेजों की फीस

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू में चलने वाले लॉ कॉलेजों में अब एक समान फीस होगी। इसके लिए कुलपति के निर्देश पर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एक समान फीस के लिए बुधवार को विवि के अधिकारियों की एक बैठक हुई।

बैठक में सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह, इंस्पेक्टर ऑफ आर्ट्स प्रो. राजीव कुमार, इंस्पेक्टर ऑफ साइंस प्रो. अरविंद कुमार और परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान शामिल थे। बैठक में तय किया गया कि लॉ में पहले साल में 40 हजार की फीस लगेगी। इसमें पांच हजार डेवलपमेंट फीस होगी। बाकी के सालों में 35 हजार रुपये देने होंगे। यह नियम तीन साल और पांच साल के लॉ के कोर्स के लिए लागू होगा। इससे पहले कॉलेजों से फीस का फीडबैक लिया गया था। अधिकारियों ने कहा अभी तात्कालिक प्रस्ताव तैयार किया गया है।

# स्नातक चौथे सेमेस्टर के सिलेबस को बनेगी कमेटी

**हि असर**

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू में स्नातक चौथे सेमेस्टर सत्र 2023-27 में एईसी (अतिरिक्त) विषय के सिलेबस बनाने के लिए कमेटी का गठन किया जायेगा। इस बारे में बुधवार को डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों के साथ बैठक की। आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान में 7 अप्रैल के अंक में चौथे सेमेस्टर के अतिरिक्त विषय का सिलेबस नहीं बनने की खबर प्रमुखता से छपी थी। बैठक में एकेडमिक काउंसिल सदस्य डॉ. सुशांत कुमार, डॉ. चौधरी राकेश, डॉ. सौरभ राज और डॉ. राजेश कुमार मौजूद थे।

डीएसडब्ल्यू ने सदस्यों के साथ सिलेबस तैयार करने पर विचार विमर्थ किया। बैठक में तय किया गया कि एक कमेटी बनाकर सिलेबस बनाने का काम शुरू किया जायेगा। चौथे सेमेस्टर में 100 नंबर के अतिरिक्त विषय का सिलेबस तैयार नहीं है और दो मई से छात्रों की कक्षा चल रही है। जिन विषयों का सिलेबस तैयार किया जाना है, उनमें एनएसएस, एनजीओ और सोशल वर्क शामिल है। तय किया गया कि कुलपति से अनुमोदन लेकर जल्द ही कमेटी का गठन कर दिया जायेगा।

# विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला जरूरी : वीसी



विश्वविद्यालय रसायन शास्त्र विभाग में बुधवार को कार्यशाला को संबोधित करते प्रतिभागी।

**रसायन विभाग**

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू के रसायन विज्ञान विभाग में बुधवार को तीन दिवसीय कार्यशाला एनालिटिकल टेक्निक्स एंड इंस्ट्रूमेंट हैंडलिंग शीर्षक पर शुरू हुई। कार्यशाला 9 मई तक चलेगी। कार्यशाला के मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो. डीएस राय हैं। एमएलसी प्रो. संजय कुमार सिंह मुख्य अतिथि थे।

कुलपति ने कहा कि आज के समय में विज्ञान के विषयों में इस तरह की कार्यशाला का आयोजन महत्वपूर्ण है। इस कार्यशाला से रसायन विज्ञान के साथ-साथ विज्ञान के अन्य विषयों के विद्यार्थी भी लाभान्वित होंगे। विभाग के अध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार ने मंचासीन अतिथियों एवं कार्यशाला में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों का स्वागत किया और वर्तमान समय में रसायन विज्ञान में शोध एवं नवाचार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रो. रामकुमार ने प्रतिभागियों को शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रो. मुमताजुद्दीन, प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. शिवानंद ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। उद्घाटन सत्र के बाद टेक्निकल सेशन में प्रो. मुमताजुद्दीन ने यूवी विजिबल स्पेक्ट्रोस्कॉपी के एप्लीकेशन पर अपना व्याख्यान दिया।

मंच संचालन प्रो. नवेदउल हक और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अभय नंदा श्रीवास्तव ने किया।

**Ref:....................** **Date:.........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:08.05.2025, PAGE-06




विश्वविद्यालय में आयोजित वर्कशाप में बोलते कुलपति प्रो. डीसी राय • जागरण

# रिसर्च व इनोवेशन से सुलझाएं समस्या

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. डीसी राय ने कहा कि साइंस के शोधार्थियों के लिए जरूरी है कि वे रिसर्च और इनोवेशन से समस्याओं का समाधान करें। वह बुधवार को विश्वविद्यालय रसायनशास्त्र विभाग में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में बोल रहे थे। विषय था एनालिटिकल टेक्निक्स एंड इंस्ट्रूमेंट हैंडलिंग। कुलपति ने कहा कि विज्ञान जैसे विषयों में कार्यशाला का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस कार्यशाला से रसायन विज्ञान के साथ-साथ विज्ञान के अन्य विषयों के विद्यार्थी भी लाभान्वित होंगे। विषय प्रवेश कराते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार ने स्वागत भाषण किया। उन्होंने रसायन विज्ञान में शोध एवं नवाचार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के उद्घाटन समारोह के साथ-साथ विभाग में प्रोफेसर डा. तालेश्वर शर्मा मेमोरियल सेमिनार हाल व पंडित इंद्रदेव गिरिजा मेमोरियल हाल का भी उद्घाटन हुआ। प्रोफेसर रामकुमार ने प्रतिभागियों को शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन प्रो. डा. नवेदउल हक ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डा. अभय नंदा श्रीवास्तव ने किया। डा. प्रियरंजन, जय नाथ कुमार, डा. निभा शर्मा, डा. राखी तिवारी, गौरव, अभय, कृति, रूपा, दिवाकर, रतनाप्रिया आदि उपस्थित रहे।



Ref:.....................                                                                                                    Date:...........................

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 08.05.2025, PAGE-04

# नयी प्रविधियों और शोध के बारे में बताती हैं कार्यशालाएं

- एनालिटिकल टेक्निक्स एंड इंस्ट्रूमेंट हैंडलिंग पर तीन दिनी कार्यशाला शुरू

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू के रसायन विज्ञान विभाग में एनालिटिकल टेक्निक्स एंड इंस्ट्रूमेंट हैंडलिंग विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई. 9 मई तक यह कार्यशाला चलेगी. मुख्य संरक्षक वीसी प्रो दिनेश चंद्र राय व मुख्य अतिथि एमएलसी प्रो संजय सिंह उपस्थित हुए. वीसी ने कहा कि वर्तमान में विज्ञान के विषयों में इस तरह की कार्यशाला का आयोजन अत्यंत अहम है. इस कार्यशाला से रसायन विज्ञान के साथ-साथ विज्ञान के अन्य विषयों के विद्यार्थी भी लाभान्वित होंगे. विभाग के अध्यक्ष प्रो अरुण बोले, वर्तमान में रसायन विज्ञान में शोध एवं नवाचार की जरूरत है. प्रो तालेश्वर शर्मा मेमोरियल सेमिनार हॉल व पंडित इंद्रदेव गिरिजा मेमोरियल हॉल का उद्घाटन किया गया. विभाग के प्रो रामकुमार, प्रो मुमताजुद्दीन, प्रो एके श्रीवास्तव, प्रो शिवानंद ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया. प्रो मुमताजुद्दीन ने यूवी विजिबल स्पेक्ट्रोस्कॉपी के एप्लीकेशन शीर्षक पर व्याख्यान दिया. मंच संचालन प्रो नवेदउल हक और धन्यवाद ज्ञापन डॉ अभय नंदा श्रीवास्तव ने किया. मौके पर डॉ प्रियरंजन, जय नाथ कुमार, डॉ निभा शर्मा, डॉ राखी तिवारी, गौरव, अभय, कृति, रूपा, दिवाकर, रतनाप्रिया उपस्थित रहे.